प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रात:कालीन समाचार

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,**

1- केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव आज भोपाल में करेंगे दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ, विकसित भारत के लक्ष्य में वनों की भूमिका को लेकर होगा मंथन।

**2-** राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा- सिकल सेल खत्म करने में हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी।

**3-** विश्व विरासत दिवस आज, सभी संरक्षित स्मारकों में मिलेगा निःशुल्क प्रवेश।

4- प्रदेश में गर्मी हुई तेज, 20 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा...

**अब समाचार विस्तार से...**

**भारत @2047 कार्यशाला**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापन, जलवायु परिवर्तन और समुदाय-आधारित आजीविका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आज भोपाल में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला में विकसित भारत @2047 के लक्ष्यों में वनों की भूमिका पर मंथन होगा। विभिन्न सत्रों में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी। कार्यशाला के दूसरे दिन राज्यपाल मंगूभाई पटेल समापन सत्र को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण में वनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कार्यशाला वनों, जैव विविधता, प्राकृतिक संसाधनों और जनजातीय आजीविका को केंद्र में रखते हुए एक सतत और न्यायसंगत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**शाह नक्सलवाद**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है। उनके मार्गदर्शन में वर्ष 2026 तक देश नक्सलवाद से मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रण को पूरा करने में सीआरपीएफ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

श्री शाह कल नीमच स्थित सीआरपीएफ के ग्रुप सेंटर में सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराए। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जहां जरूरत होती है, सीआरपीएफ के जवान सदैव कर्तव्य पथ पर तत्पर रहते हैं। देश का जब भी स्वर्णिम इतिहास लिखा जाएगा, उसमें सीआरपीएफ के शहीदों के नाम स्वर्ण अक्षरों से लिखे जाएंगे।

**सिकल सेल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल खत्म करने में हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। सिकल सेल की जांच, उपचार, औषधि एवं जेनेटिक कार्ड वितरण में सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में कोई भी बच्चा सिकल सेल रोग के साथ जन्म नहीं ले। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर व्यक्ति को "मेरा भी योगदान हो", इस भाव के साथ सिकल सेल उन्मूलन में जुड़ना होगा। राज्यपाल भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र में आयोजित सिकल सेल पर केन्द्रित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। संस्थान द्वारा संगोष्ठी का आयोजन आनुवंशिक विश्लेषण प्रयोगशाला के लोकार्पण अवसर पर किया गया था। इससे पहले श्री पटेल ने आनुवंशिक विश्लेषण प्रयोगशाला का लोकार्पण और अवलोकन किया। रोगियों को किट प्रदान की। राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल आनुवंशिक बीमारी है। इसलिए उन्मूलन जटिल और चुनौतीपूर्ण कार्य है। हमारे वैज्ञानिकों ने जीन स्तर के विश्लेषण के द्वारा रोग की जड़ तक पहुँचकर रोग उन्मूलन के लिए कार्य करने का अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध कराया है।

**स्कूल प्रवेश**

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रयास होना चाहिये कि प्रदेश के शत-प्रतिशत बच्चों का स्कूल में नामांकन हो। इसके लिये उन्होंने टीम वर्क के साथ काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने अनेक जिलों में अब तक कराये गये नामांकन की जनकारी प्राप्त की। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि विभाग के जो अधिकारी-कर्मचारी श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे, उनका सार्वजनिक रूप से सम्मान किया जायेगा। कार्य के प्रति गैर-जिम्मेदार रहने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। श्री सिंह कल मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस से विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर शिक्षा को नई दिशा दें।

उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्रपति द्वारा विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए समयसीमा निर्धारित करने वाले सर्वोच्च न्यायालय के हाल के निर्णय पर सवाल किया है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति नहीं हो सकती कि न्यायालय, देश के राष्ट्रपति को निर्देश दे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय केवल संविधान की व्याख्या कर सकता है। श्री धनखड ने कल नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति आवास में राज्यसभा प्रशिक्षुओं के छठे बैच को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत ने ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे, कार्यकारी कार्य करेंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। श्री धनखड ने कहा कि शक्ति का प्रयोग करते समय अत्यंत संवेदनशील होने की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोगों द्वारा चुनी गई सरकार संसद के प्रति उत्तरदायी होती है और कोई भी व्यक्ति प्रश्न पूछ सकता है, लेकिन कार्यकारी शासन न्यायपालिका का होने पर कोई व्यक्ति कैसे सवाल पूछ सकता है और चुनाव में किसे जवाबदेह ठहराया जा सकता है।

**विश्व विरासत दिवस**

आज विश्व विरासत दिवस है। इसे अंतरराष्ट्रीय स्मारक और धरोहर स्थल दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष की थीम है - **विरासत स्थलों पर आपदा और संघर्ष का संकट**। यह दिवस सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों के सम्मान और संरक्षण के लिए प्रति वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है।
भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने आज देश के सभी संरक्षित स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश देने की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य लोगों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरुक और प्रेरित करना है।

प्रदेश में भी विश्व धरोहर दिवस पर भोपाल, ग्वालियर, खजुराहो सहित विभिन्न शहरों में स्थित पुरातत्व स्मारकों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही भारतीय पुरातस्व सर्वेक्षण एएसआई के अधीन स्मारकों में प्रवेश निशुल्क है।

**गुड फ्राइडे**

दुनिया भर के ईसाई समाज के लोग आज गुड फ्राइडे मना रहे हैं।
यह दिन त्याग, क्षमा और प्रेम का प्रतीक है। गुड फ्राइडे वो पल है जब प्रभु यीशु ने मानवता के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिए थे। प्रदेश में  भी गुड फ्राइडे पर चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं हो रही हैं। इस दिन ईसाई समाज के लोग उपवास भी रखते हैं।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में सूरज की तपिश तेज हो गई है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन

समेत प्रदेश के 20 शहरों में कल दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। इस गर्मी के सीजन में पहली बार इतने शहर तपे हैं। कई शहरों में तो पारा 3 डिग्री या इससे ज्यादा बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को नर्मदापुरम सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। रतलाम में 43.2 डिग्री दर्ज किया गया। गुना में 42.4 डिग्री, शाजापुर में 42.1 डिग्री, नरसिंहपुर-धार में 42 डिग्री, टीकमगढ़ में 41.5 डिग्री, सागर में 41.4 डिग्री, नौगांव, खजुराहो-मंडला में 41 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह खरगोन में 40.6 डिग्री, खंडवा-दमोह में 40.5 डिग्री, रायसेन में 40.4 डिग्री और शिवपुरी में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का पारा 42 डिग्री रहा। भोपाल में 41.1 डिग्री, इंदौर में 40.4 डिग्री, उज्जैन में 41.5 डिग्री और जबलपुर में 39.6 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 5 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

**संक्षिप्त समाचार**

1- अक्षय तृतीया एवं अन्य विवाह मुहूर्तो में बाल विवाह रोकने हेतु आगरमालवा कलेक्टर राघवेन्द्रसिंह ने एसडीएम की अध्यक्षता में अनुभाग स्तरीय दलों का गठन किया है।

2- खंडवा जिले में नरवाई जलाना है प्रतिबंधित है, इसके बावजूद नरवाई जलाने पर 104 किसानों को नोटिस जारी किया गया है।

3- धार जिले में जंक फूड, स्ट्रीट फूड और फास्ट फूड विक्रेताओं की सघन जांच का अभियान खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा नियमों की जानकारी भी दी जा रही है।

4- गुना कलेक्टर ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए कि बच्चों को नशे से दूर रखने हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए।

5- रायसेन कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने सांची जनपद में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद कर जाना कि उन्हें शासन की कौन-कौन सी योजनाओं का लाभ मिला है।

6- जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत दतिया में जन अभियान परिषद ने पहूज नदी के घाटों की सफाई की।

-------